बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग
ब्लॉक–सी0, सरदार पटेल भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800023
दूरभाषः 0612 2294201, 2294202(फैक्स), ई–मेलः secy-disastermgmt-bih@nic.in

पत्रांक–01 / प्रा०आ०(COVID-19)–09 / 2020 / **1741** / आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–**06.05.2021**

**प्रेषक,**

**प्रत्यय अमृत,**
प्रधान सचिव।

**सेवा में,**

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

**विषय :–** **कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के लिए दिनांक–04.05.2021 को राज्य सरकार के द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रतिबंधों के आलोक में मजदूर, निर्धन, निराश्रित, निःशक्त आदि जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था हेतु सभी जिलों में चिन्हित स्थानों पर सामुदायिक रसोई स्थापित करने के संबंध में।**

**प्रसंग :–** **विभागीय पत्रांक–1715 / आ०प्र० दिनांक–04.05.2021।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया स्मरण किया जाए, जिसके माध्यम से कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के लिए दिनांक–04.05.2021 को राज्य सरकार के द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रतिबंधों के आलोक में दिनांक–05.05.2021 से 15.05.2021 तक मजदूर, निर्धन, निराश्रित, निःशक्त आदि जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था हेतु सभी जिलों में चिन्हित स्थानों पर सामुदायिक रसोई स्थापित करने का निदेश दिया गया है।

इस संबंध में जिलों से प्राप्त सूचना एवं फोटोग्राफों की समीक्षा की गई है तथा उसके आलोक में निम्नांकित निदेश दिए जाते हैं:–

1. सामुदायिक रसोई के संचालन में social distancing पर विशेष ध्यान दिया जाए।
2. सामुदायिक रसोई संचालन स्थल पर लगाए जा रहे बैनर में एकरूपता के साथ आपदा राहत केन्द्र (सामुदायिक रसोई), स्थल का नाम, जिला प्रशासन का नाम स्पष्ट रूप से अंकित कराया जाए।
3. सामुदायिक रसोई में भोजन हेतु प्रति व्यक्ति प्रति meal 50/– रुपये की अधिसीमा में राशि का व्यय किया जाए।

अतएव अनुरोध है कि उपर्युक्त के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन,

**प्रधान सचिव**

ज्ञापांक–01 / प्रा०आ०(COVID-19)–09 / 2020 / **1741** / आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–**06.05.2021**

**प्रतिलिपिः**–सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रधान सचिव**

ज्ञापांक–01/प्रा०आ०(COVID-19)–09/2020/**1741**/आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–**06.05.2021**

**प्रतिलिपि**:–पुलिस महानिदेशक, बिहार/सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रधान सचिव**

ज्ञापांक–01/प्रा०आ०(COVID-19)–09/2020/**1741**/आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–**06.05.2021**

**प्रतिलिपि**:–मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रधान सचिव**

ज्ञापांक–01/प्रा०आ०(COVID-19)–09/2020/**1741**/आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–**06.05.2021**

**प्रतिलिपि**:– माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रधान सचिव**

ज्ञापांक–01/प्रा०आ०(COVID-19)–09/2020/**1741**/आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–**06.05.2021**

**प्रतिलिपि**: माननीय उप मुख्य (आपदा प्रबंधन) मंत्री, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रधान सचिव**